कार्यालय, परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना कांकेर, जिला–कांकेर छ.ग.

परिशिष्ट – एक

आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता/सहायिका पद हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित करने की सूचना

क्रं./377/एबाविपरि/नियुक्ति/2026–27 कांकेर दिनांकः– 22/10/2026

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ, शासन महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय डी0के0एस0 भवन रायपुर के पत्र कमांक/729/1098/2008 /मबावि/50 रायपुर दिनांक 02–04–2008 एवं छत्तीसगढ शासन महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय,महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर के आदेश क्रमांक/1226/1098/2008/मबावि/50 नवा रायपुर, दिनांक 21–04–2023 व संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग इन्द्रवती भवन नवा रायपुर का पत्र क्र0/830/2025–WCD HOD IT SECTION IT नवा रायपुर,दिनांक 05.01.2026 के द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं का भर्ती आनलाईन प्रक्रिया से किये जाने के निर्देश है। उपरोक्त निर्देशो के परिपालन में निम्नानुसार आं.बा. केन्द्र में **सहायिका पद** रिक्त होने के कारण इस पद पर नियुक्ति की जानी है। नियुक्त हेतु आवेदन पत्र दिनांक **23/10/2026** से **06/11/2026** तक इच्छुक आवेदनकर्ता **https://aww.e-bharti.in/** पर आनलाईन आवेदन कर सकते है। आवेदन की प्रक्रिया आनलाईन होगी तथा आनलाईन फ़ॉर्म भरने के बाद आवेदन से संबंधित सभी दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रति एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय कांकेर में जमा करना अनिवार्य होगा। हार्ड कॉपी जमा न करने की स्थिति में आवेदन को मान्य नहीं किया जाएगा। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नही किया जायेगा।

निम्नांकित ग्राम पंचायत में आंगनबाडी सहायिका का पद रिक्त हैः–

कमांक	केन्द्र का नाम केन्द्र कमांक	ग्राम पंचायत/वार्ड तथा नगरीय निगम का नाम	पद का नाम	रिक्त पद की संख्या
01	02	03	04	05
01	चिवरांज	चिवरांज (कोड़ेजुंगा पंचायत)	**आ.बा. सहायिका**	**01**

आवेदन किये जाने हेतु निम्नानुसार अर्हताएँ है –

1. आवेदिका की आयु 18 से 44 वर्ष के मध्य होनी चाहिए । (01 वर्ष, या उससे अधिक सेवा का अनुभव रखने वाली कार्यकर्त्ता/सहायिका/सह–सहायिका को आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट दी जावेगी) **(आयु की गणना भी सूचना जारी होने के दिनांक से की जावेगी ।)**
2. आवेदिका उसी ग्राम की स्थायी निवासी होनी चाहिए जिस आंगनबाड़ी केन्द्र स्थित है । **(शहरी क्षेत्रो में आवेदिका उसी वार्ड की निवासी होना चाहिए)**
3. **निवासी होने के प्रमाण में**

   (1) ग्राम की अद्यतन मतदाता सूची में नाम एवं नगरीय क्षेत्र होने पर संबंधित वार्ड की अद्यतन मतदाता सूची में नाम दर्ज हो आवेदन पत्र में उसके कमांक का उल्लेख कर प्रतिलिपि लगाई जावें । अथवा आधार कार्ड की छायाप्रति।

   (2) ग्राम पंचायत अथवा उपसरपंच अथवा पटवारी तथा नगरीय निकायों में वार्ड पार्षद अथवा अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र जिसमें वार्ड एवं ग्राम में निवासरत रहने का पता सहित उल्लेख हो, मान्य किया जावेगा ।
4. आवेदिकायें आवेदन जमा करने समय ही सभी दस्तावेज संलग्न करेंगें दावा आपत्ति समयावधि में किसी भी प्रकार के नवीन दस्तावेज स्वीकार नही किये जायेंगे।

5. आवेदिका की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता निम्नानुसार होनी चाहिए :–

आंगनबाड़ी सहायिका पद हेतु	08 वीं बोर्ड उत्तीर्ण (यदि मार्कशीट ग्रेड पद्धति में हो तो स्कूल से पूर्णांक/प्राप्तांक अंकित या प्रमाणित करा कर ही आवेदन करेंगें)

टीप :– शहरी/ग्रामीण/आदिवासी परियोजनाओं में यदि कार्य पद हेतु उपरोक्तानुसार शैक्षणिक योग्यता के कोई भी आवेदन प्राप्त नहीं होते हैं तो उपरोक्त कंडिका 1.6 के समान ही शैक्षणिक योग्यता शिथिल मानकर उससे कम शैक्षणिक योग्यता पर भी विचार किया जावेगा। शहरी/ग्रामीण/आदिवासी परियोजनाओं में कोई शिक्षित आवेदिका न मिलने पर साक्षर महिला की भी नियुक्ति जिला कार्यक्रम अधिकारी की अनुमति से की जा सकती है। सहायिकाओं के चयन हेतु मूल्यांकन करते समय मूल्यांकन प्रपत्र में निर्धारित शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त अंक के आधार पर अंक दिये जावेंगे ।

6. अनुभवी कार्यकर्ता/सहायिका/सह सहायिका होने पर गरीबी रेखा परिवार, अनुसूचित जाति जनजाति परिवार की महिला होने पर एवं विधवा परित्यक्ता अथवा तलाकशुदा महिला होने पर अतिरिक्त अंक दिये जावेंगे । (परित्यक्ता की अवधि दो वर्ष होनी चाहिये)

7. समस्त दस्तावेज आवेदन पत्र के साथ ही अभिप्रमाणित/स्व प्रमाणित कर जमा करना अनिवार्य हैं ।

8. मानदेय राशि – सहायिका पद हेतु **2250/–** मानदेय व **2750/–** अतिरिक्त मानदेय कुल **5000/–** रू. शासन द्वारा समय–समय पर देय मानदेय देय होगा।

टीप :– **गरीबी रेखा परिवार से संबंधित प्रमाण–पत्र निर्धारित प्रारूप में सक्षम अधिकारी (मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कांकेर)के हस्ताक्षर** होने पर ही अंक दिये जावेगें ।

उपरोक्तानुसार अर्हता रखने वाले इच्छुक आवेदिका रिक्त पद हेतु आवेदन कर सकते है । आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता/सहायिका का पद **पूर्णतः मानसेवी तथा अशासकीय पद** है। इन्हें केन्द्र शासन एवं राज्य शासन द्वारा निर्धारित मानदेय दिया जावेगा ।

अतिरिक्त जानकारी हेतु एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय कांकेर विकास खण्ड कांकेर में सम्पर्क किया जा सकता है।

परियोजना अधिकारी
एकीकृत बाल विकास परियोजना कांकेर
जिला उत्तर बस्तर कांकेर
कांकेर दिनांकः– 22/10/2026

पृ.कं./318/एबाविपरि/नियुक्ति/2026–27

प्रतिलिपि

01. जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग कांकेर की ओर सादर सूचनार्थ ।
02. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत कांकेर जिला कांकेर,को सादर सूचनार्थ ।
03. सरपंच/सचिव ..... की ओर सादर सूचनार्थ । कृपया विज्ञापन एवं निर्धारित आवेदन पत्र दो प्रतियों में वार्ड के सूचना पटल पर चस्पा कर प्रचार–प्रसार कराये जाने का कष्ट करें ।
04. संबंधित, पर्यवेक्षक परिक्षेत्र ..... एबाविपरि कांकेर सूचनार्थ एवं पालनार्थ ।

परियोजना अधिकारी
एकीकृत बाल विकास परियोजना कांकेर
जिला उत्तर बस्तर कांकेर